# पुनरावृत्ति कार्य पत्रिका कक्षा 10वीं के लिए

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–1

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यान से पढ़िए तथा पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **5 × 2 = 10**

I. संसार में अमरता ऐसे ही लोगों को मिलती है, जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं, जिनका स्थायी मूल्य होता है। अधिकतर यही देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति संपन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं। अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग या गरीब परिवारों में ही होता है।

मनुष्य में विनय, उदारता, कष्ट–सहिष्णुता, साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन तथा सादा–सरल बनाते हैं। जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रूप से करणीय हैं, प्रथम कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य को न छोड़ना, द्वितीय अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना।

सादगी का विचारों से भी घनिष्ठ संबंध है। हमें सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और उसके विवेक को जाग्रत रखते हैं। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है। सादा जीवन व्यतीत करनेवाले व्यक्ति को भी कभी हतप्रभ होकर अपने आत्मसम्मान पर आँच नहीं आने देनी चाहिए। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंग है, वह बाहरी चीज़ नहीं है। **5 × 1 = 5**

1. संसार में अमरता ऐसे ही लोगों को मिलती है–

(क) जो अपने पीछे कुछ संपत्ति छोड़ जाते हैं।

(ख) जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं।

(ग) जिनका स्थायी मूल्य होता है।

(घ) 'ख' एवं 'ग' दोनों

2. निम्न में से कौन–से गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन तथा सादा–सरल बनाते हैं?

(क) विनय (ख) उदारता
(ग) कष्ट-सहिष्णुता (घ) इनमें सभी

3. सादगी का घनिष्ठ संबंध है–
(क) नैतिकता से (ख) शिक्षा से
(ग) विचारों से (घ) मूल्यों से

4. किस प्रकार का व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है?
(क) साहसी व्यक्ति (ख) सामाजिक व्यक्ति
(ग) विवेकशील व्यक्ति (घ) उदार व्यक्ति

5. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–
कथन (A) – आज कृत्रिमता ने हमें पूरी तरह जकड़ रखा है।
कारण (R) – हम आंतरिक सौंदर्य पर ध्यान देने की बजाए बाह्य आडंबरों पर अधिक ध्यान देने लगे हैं।
(क) कथन (A) सही है पर कारण (R) गलत है।
(ख) कथन (A) गलत है पर कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है पर कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

II. मैं सोचता हूँ, स्त्रियों के पास एक महान शक्ति सोई हुई है। दुनिया की आधी से बड़ी ताकत उनके पास है। आधी तो इसलिए कहता हूँ कि दुनिया में स्त्रियाँ आधी तो हैं ही। आधी से बड़ी इसलिए कि बच्चे उनकी छाया में पलते हैं और वे जैसा चाहें, उन बच्चों को परिवर्तित कर सकती हैं। पुरुषों के हाथ में कितनी ही ताकत हो, लेकिन पुरुष भी एक दिन स्त्री की गोद में होता है, वहीं से वह अपनी यात्रा शुरू करता है।

जहाँ भी प्रेम, करुणा और दया हैं, वहाँ स्त्री मौजूद है। इसलिए मैं कहता हूँ कि स्त्री के पास आधी से भी बड़ी ताकत है और वह पाँच हज़ार वर्षों से बिलकुल सोई हुई है। नारी की शक्ति का कोई उपयोग नहीं हो सका है। भविष्य में यह उपयोग हो सकता है। उपयोग होने का एक सूत्र यही है कि स्त्रियाँ यह तय कर लें कि उन्हें पुरुषों जैसा नहीं बनना है।

हालाँकि आधुनिक युग की महिलाओं ने अपने अधिकारों के बारे में जाना है और अपने जीवन से जुड़े निर्णय स्वयं लेने लगी है। आज की महिला कोमल और मधुर होने के साथ-साथ जागरूक भी है उसने अपने अंदर की नारी शक्ति को जागृत किया है और अन्याय का विरोध करना शुरू किया

है। लेकिन फिर भी वह आज पूर्णतया सुरक्षित नहीं है। आज भी पुरुष वर्ग के कुछ लोग नारी को कमज़ोर और असहाय ही समझते हैं। वह नारी को मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देते हैं, नारी का पल-पल अपमान करते हैं लेकिन ऐसे लोगों को यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि अगर नारी की सहनशीलता खत्म हो गई और नारी ने शक्ति का रूप ले लिया तो उन लोगों के अस्तित्व को मिटाने से कोई भी नहीं बचा सकता। आज समाज के पढ़े-लिखे लोग लड़कियों की शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप शिक्षित महिलाएँ देश के विकास में अपना अहम योगदान दे रही हैं। **$5 \times 1 = 5$**

1. किसके पास एक महान शक्ति सोई हुई है?

   (क) स्त्रियों के पास (ख) पुरुषों के पास

   (ग) महापुरुषों के पास (घ) ऋषि-मुनियों के पास

2. दुनिया में स्त्रियों के पास कितनी ताकत है?

   (क) आधी (ख) आधी से भी बड़ी

   (ग) आधी से कम (घ) कुछ भी ताकत नहीं है

3. स्त्रियाँ किन्हें जैसा चाहे वैसा परिवर्तित कर सकती हैं?

   (क) पुरुषों को (ख) बच्चों को

   (ग) नवयुवकों को (घ) बूढ़ों को

4. स्त्री वहाँ मौजूद है, जहाँ–

   (क) प्रेम है (ख) करुणा है

   (ग) दया है (घ) इनमें सभी

5. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

   कारण (A) – आज समाज के पढ़े-लिखे लोग लड़कियों की शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं।

   कथन (R) – शिक्षित महिलाएँ देश के विकास में अपना अहम योगदान दे रही हैं।

   (क) कथन (A) सही है पर कारण (R) गलत है।

   (ख) कथन (A) गलत है पर कारण (R) सही है।

   (ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

   (घ) कथन (A) सही है पर कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

# पुनरावृत्ति कार्य पत्र–2

**निर्धारित समय : 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 20**

**निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **10 × 2 = 20**

I. कहने को चाहे भारत में स्वशासन हो और भारतीयकरण का नारा हो, किंतु वास्तविकता में सब ओर आस्थाहीनता बढ़ती जा रही है। मंदिरों, मसजिदों, गुरुद्वारों या चर्च में बढ़ती भीड़ और प्रचार माध्यमों द्वारा मेलों और पर्वों के व्यापक कवरेज से आस्था के संदर्भ में कोई भ्रम मत पालिए; क्योंकि यह सब उसी प्रकार भ्रामक है, जैसे 'लगे रहो मुन्ना भाई की गांधीगिरी'। वास्तविक जीवन में जिस आचरण की अपेक्षा व्यक्ति या समूह से की जाती है, उसकी झलक तक पाना मुश्किल हो गया है। गांधी को 'गिरी' के रूप में आँकने के सिनेमाई कथानक का कोई स्थायी प्रभाव हो भी नहीं सकता। फ़िल्म उतरी और प्रभाव चला गया। गांधी को बाह्य आवरण से समझने के कारण वर्षों से हम दो अक्तूबर और तीस जनवरी को कुछ आडंबर अवश्य करते चले आ रहे हैं, लेकिन जिन जीवन-मूल्यों के प्रति आस्थावान होने की हम सौगंध खाते हैं और उन्हें आचरण में उतारने का संकल्प व्यक्त करते हैं, उसका लेशमात्र प्रभाव भी हमारे आसपास के जीवन में प्रतीत नहीं होता।

(क) लेखक की दृष्टि में आस्था के संबंध में क्या-क्या भ्रमात्मक है? 2

.................................................................................................

.................................................................................................

(ख) लेखक की दृष्टि में गांधी को लोगों ने किस रूप में समझा है तथा उसके क्या परिणाम हुए हैं? 2

.................................................................................................

.................................................................................................

(ग) गांधी जी के प्रति सच्ची आस्था के स्थान पर लोग कौन-से आडंबर करते चले आ रहे हैं? 2

.................................................................................................

.................................................................................................

(घ) फ़िल्म 'लगे रहो मुन्ना भाई' की गांधीगीरी लेखक की दृष्टि में क्या है तथा क्यों? 2

.................................................................................................

..................................................................................................

(ङ) मुन्नाभाई की गांधीगिरी की तुलना लेखक ने किससे की है? 1

..................................................................................................

..................................................................................................

(च) प्रस्तुत गद्‌यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

..................................................................................................

II. मनुष्य जन्म से ही अहंकार का इतना विशाल बोझ लेकर आता है कि उसकी दृष्टि सदैव दूसरों की बुराइयों पर ही टिकती है। आत्मनिरीक्षण को भुलाकर साधारण मानव केवल परछिद्रान्वेषण में ही अपना जीवन बिताना चाहता है। इसके मूल में उसकी ईर्ष्या की दाहक दुष्प्रवृत्ति कार्यशील रहती है। दूसरे की सहज उन्नति को वह अपनी ईर्ष्या के वशीभूत होकर पचा नहीं पाता और उसके गुणों को अनदेखा करके केवल दोषों और दुर्गुणों को ही प्रचारित करने लगता है। इस प्रक्रिया में वह इस तथ्य को भी विस्मृत कर बैठता है कि ईर्ष्या का दाहक स्वरूप स्वयं उसके समय, स्वास्थ्य और सद्‌वृत्तियों के लिए कितना विनाशकारी सिद्‌ध हो रहा है। परनिंदा को हमारे शास्त्रों में पाप बताया गया है। वास्तव में मनुष्य अपनी न्यूनताओं, अपने दुर्गुणों की ओर दृष्टि उठाकर देखना भी नहीं चाहता, क्योंकि स्वयं को पहचानने की यह प्रक्रिया उसके लिए बहुत कष्टकारी है।

(क) परछिद्रान्वेषण का दुष्परिणाम क्या होता है? 2

..................................................................................................

..................................................................................................

(ख) सामान्य-जन किन बातों में अपना जीवन बिताना चाहता है तथा इसका मूल कारण क्या है? 2

..................................................................................................

..................................................................................................

(ग) परनिंदा के बारे में हमारे शास्त्रों में क्या कहा गया है तथा इससे व्यक्ति कैसे मुक्त हो सकता है? 2

..................................................................................................

..................................................................................................

(घ) 'दुष्प्रवृत्ति' शब्द से उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करके लिखिए। 2

..................................................................................................

..........................................................................................

(ङ) व्यक्ति की स्वयं को पहचानने की कौन-सी प्रक्रिया बहुत कष्टकारी है? 1

..........................................................................................

..........................................................................................

(च) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

..........................................................................................

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–3

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित काव्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **5 × 2 = 10**

I. क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो
उसको क्या जो दंतहीन विषरहित, विनीत, सरल हो।
तीन दिवस तक पंथ माँगते रघुपति सिंधु किनारे
बैठे पढ़ते रहे छंद अनुनय के प्यारे-प्यारे।
उत्तर में जब एक नाद भी उठा नहीं सागर से
उठी अधीर धधक पौरुष की आग राम से शर से।
सिंधु देह घर त्राहि-त्राहि करता आ गिरा शरण में
चरण पूज दासता ग्रहण की बँधा गूढ़ बंधन में।
सच पूछो, तो शर में बसती है दीप्ति विनय की
संधि-वचन संपूज्य उसी का जिसमें शक्ति विजय की।

1. क्षमा किसे शोभती है?
(क) विनम्र को (ख) सहनशील को
(ग) सामर्थ्यवान को (घ) शक्तिहीन को

2. समुद्र के किनारे बैठकर कौन अनुनय-विनय कर रहे थे?
(क) श्रीराम (ख) हनुमान
(ग) विष्णु (घ) लक्ष्मण

3. श्रीराम किसकी प्रतिक्रिया न पाकर क्रोधित हो उठे?

(क) हिमालय की (ख) समुद्र की
(ग) रेत की (घ) इन सबकी

4. संधि किसके लिए संपूज्य है?
   (क) निर्बलों के लिए
   (ख) सरल लोगों के लिए
   (ग) शक्तिशाली लोगों के लिए
   (घ) इनमें सभी

5. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

   कथन (A) – राम को बहुत क्रोध आया और उनके शर से मानो अग्नि धधक उठी।

   कथन (R) – तीन दिन तक सागर की प्रार्थना करते रहने के बाद भी सागर की ओर से कोई भी उत्तर नहीं मिला।

   (क) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।
   (ख) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है।
   (ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
   (घ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

II. कहती है सारी दुनिया जिसे किस्मत
नाम है उसका हकीकत में मेहनत।
जो रचते हैं खुद अपनी किस्मत, वे कहे जाते हैं– साहसी
जो करते हैं ईश्वर से शिकायत, वे कहे जाते हैं– आलसी।
जो रुक गया, मिट गया उसका नामोंनिशाँ
जो चलता रहा, अपनी मंज़िल वो पा गया।
खुशी के हकदार हैं वही, जिन्होंने दुख को सहा
छोड़ के दामन फूलों का, काँटों की राह को चुना।
निराशा का अंधकार मिटाकर, आशा के दीप जलाओ।
छोड़ भाग्य की दुहाई, अपनी किस्मत स्वयं बनाओ।

1. **'साहसी' और 'आलसी' के अंतर को स्पष्ट करने वाले विकल्प/विकल्पों का चयन कीजिए।**

   (*i*) साहसी व्यक्ति के लिए परिश्रम ही उसका भाग्य होता है।

(*ii*) आलसी व्यक्ति परिश्रम नहीं करना चाहते केवल भाग्य के सहारे रहते हैं।

(*iii*) साहसी व्यक्ति अपना भाग्य स्वयं निर्मित करते हैं।

(*iv*) आलसी व्यक्ति भगवान भरोसे ही जीवन यापन करते हैं।

**विकल्प**

(क) कथन (*i*) और (*ii*) सही हैं।

(ख) कथन (*ii*) और (*iv*) सही हैं।

(ग) कथन (*i*), (*ii*) और (*iii*) सही हैं।

(घ) कथन (*i*), (*ii*), (*iii*) और (*iv*) सही हैं।

2. कौन लोग ईश्वर से शिकायत करते हैं?

(क) भक्त (ख) आस्तिक

(ग) परिश्रमी (घ) आलसी

3. खुशी का हकदार कौन है?

(क) जिसने काम किया

(ख) जिसने संपत्ति अर्जित की

(ग) जिसने ईश्वर की आराधना की

(घ) जिसने दुख सहा

4. कवि किसके दीप जलाने की बात कर रहा है?

(क) आस्था के (ख) विश्वास के

(ग) आशा के (घ) निराशा के

5. हमें किसकी दुहाई देनी छोड़ देनी चाहिए?

(क) अभाज्य की (ख) ईश्वर की

(ग) भाग्य की (घ) इनमें किसी की नहीं

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–4

**निर्धारित समय : 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित काव्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **$5 \times 2 = 10$**

I. जिस–जिससे पथ पर स्नेह मिला, उस–उस राही को धन्यवाद।

जीवन अस्थिर, अनजाने ही हो जाता पथ पर मेल नहीं
सीमित पग-डग, लंबी मंज़िल तय कर लेना कुछ खेल नहीं
दाएँ-दाएँ सुख-दुख चलते सम्मुख चलता पथ का प्रमाद
जिस-जिससे पथ पर स्नेह मिला उस-उस राही को धन्यवाद।
जो साथ न मेरा दे पाए उनसे कब सूनी हुई डगर
मैं भी न चलूँ यदि तो भी क्या राही मर लेकिन राह अमर
इस पथ पर वे ही चलते हैं जो चलने का पा गए स्वाद
जिस-जिससे पथ पर स्नेह मिला उस-उस राही को धन्यवाद।

1. कवि किसे धन्यवाद दे रहा है?
...............................................................................................

2. कवि ने जीवन को क्या कहा है?
...............................................................................................

3. कवि किसे अमर कह रहा है?
...............................................................................................

4. कवि की दृष्टि में कौन लोग इस डगर पर चल पाते हैं?
...............................................................................................

...............................................................................................

5. इस काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
...............................................................................................

II. हमें जीवनधार अन्न तू ही देती है
बदले में कुछ नहीं किसी से तू लेती है
श्रेष्ठ एक से एक विविध द्रव्यों के द्‌वारा
पोषण करती प्रेम-भाव से सदा हमारा।
हे मातृभूमि! उपजे न जो तुझसे-अंकुर अंश कभी,
तो तड़प-तड़प कर जल मरे जठरानल मैं हम सभी।।
पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा,
तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा?

तेरी ही यह देह तुझी से बनी हुई है,
बस तेरे ही सुरस सार से सनी हुई है,
फिर अंत समय तू ही इसे अचल देख अपनाएगी।
हे मातृभूमि! यह अंत में तुझमें ही मिल जाएगी।
निर्मल तेरा नीर अमृत के सम उत्तम है
शीतल-मंद-सुगंध पवन हर लेता श्रम है।
षट् ऋतुओं का विविध दृश्ययुत अद्भुत क्रम है
हरियाली का फर्श नहीं मखमल से कम है।
शुचि सुधा सींचता रात में तुझ पर चंद्र प्रकाश है
हे मातृभूमि! दिन में तरणि करता तम का नाश है।।

1. कवि अपने सुखों का निमित किसे मान रहे हैं?
..........................................................................................

2. कवि किसके प्रत्युपकार की बात कह रहे हैं?
..........................................................................................

3. यह देह किससे बनी हुई है?
..........................................................................................

4. अंत में इस देह को कौन अपनाएगा?
..........................................................................................

..........................................................................................

5. इस काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
..........................................................................................

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र-5

**निर्धारित समय : 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 18**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर विकल्पों में से चुनिए।** **1 × 18 = 18**

1. वाक्य की रचना होती है-

(क) उद्देश्य से

(ख) विधेय से

(ग) उद्देश्य एवं विधेय से

(घ) इनमें से कोई नहीं

2. एक क्रिया पदबंध वाले वाक्य को क्या कहा जाता है?

(क) सरल वाक्य

(ख) मिश्र वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य

(घ) संयुक्त-मिश्र वाक्य

3. जिस जटिल वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य तथा शेष आश्रित उपवाक्य होते हैं, उसे कौन-सा वाक्य कहा जाता है?

(क) सरल वाक्य

(ख) संयुक्त वाक्य

(ग) संयुक्त-मिश्र वाक्य

(घ) मिश्र वाक्य

4. 'मैं कल पटना जा रहा हूँ।' यह किस प्रकार का वाक्य है?

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य (घ) जटिल वाक्य

5. 'कल छुट्टी है, इसलिए मैं विद्यालय नहीं जाऊँगा।' वाक्य है–

(क) सरल (ख) संयुक्त

(ग) मिश्र (घ) संयुक्त-मिश्र

6. जटिल वाक्य के भेद हैं–

(क) संयुक्त वाक्य (ख) मिश्र वाक्य

(ग) संयुक्त-मिश्र वाक्य (घ) इनमें सभी

7. 'जब माँ आएगी तब खाना बनाएगी।' यह किस प्रकार का वाक्य है?

(क) मिश्र वाक्य (ख) सरल वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य (घ) संयुक्त-मिश्र वाक्य

8. 'बच्चे कह रहे हैं कि <u>इस गाँव में खेल का मैदान नहीं है</u>।' रेखांकित उपवाक्य है–

(क) संज्ञा उपवाक्य (ख) विशेषण उपवाक्य

(ग) क्रियाविशेषण उपवाक्य (घ) इनमें से कोई नहीं

9. 'मेरी वह किताब चोरी हो गई, जो तुमने मुझे दी थी।' रेखांकित आश्रित उपवाक्य है–

(क) संज्ञा उपवाक्य

(ख) विशेषण उपवाक्य

(ग) क्रिया-विशेषण उपवाक्य (घ) इनमें से कोई नहीं

10. 'बच्चा ऐसे बोल रहा था जैसे कोई बड़ा आदमी बोल रहा हो।' रेखांकित उपवाक्य है–

(क) संज्ञा उपवाक्य

(ख) विशेषण उपवाक्य

(ग) क्रिया-विशेषण उपवाक्य

(घ) इनमें से कोई नहीं

11. 'मैंने अपनी वो किताब बेच दी जो पुरानी थी।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा–

(क) मैंने अपनी पुरानी किताब बेच दी।

(ख) मेरी किताब पुरानी थी, इसलिए उसे बेच दी।

(ग) जो किताब पुरानी थी, वो मैंने बेच दी।

(घ) मेरे पास एक पुरानी किताब थी, किंतु मैंने उसे बेच दी।

12. संयुक्त वाक्य में सभी उपवाक्य होते हैं–

(क) आश्रित

(ख) प्रधान

(ग) स्वतंत्र

(घ) इनमें सभी

13. 'गार्ड ने हरी झंडी दिखाई और ट्रेन चल पड़ी।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा–

(क) गार्ड के हरी झंडी दिखाने के साथ ही ट्रेन चल पड़ी।

(ख) गार्ड ने हरी झंडी दिखाई, इसलिए ट्रेन चल पड़ी।

(ग) गार्ड के द्वारा हरी झंडी दिखाते ही ट्रेन चल पड़ी।

(घ) जब गार्ड ने हरी झंडी दिखाई, तब ट्रेन चल पड़ी।

14. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं?

(क) एक (ख) दो

(ग) तीन (घ) चार

15. 'उस लड़के को बुलाओ, जिसने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।' इस वाक्य का सरल वाक्य है–

(क) जिस लड़के ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, उसे बुलाओ।

(ख) जो लड़का कक्षा में प्रथम आया है, उसको बुलाओ।

(ग) कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले लड़के को बुलाओ।

(घ) इनमें सभी

16. संयुक्त वाक्यों में आने वाले समुच्चयबोधक अव्यय कितने प्रकार के होते हैं?

(क) एक

(ख) दो

(ग) तीन

(घ) चार

**17.** निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प चुनिए–

(*i*) पिता जी ने कहा था कि आज वे दफ़्तर नहीं जाएँगे।

(*ii*) वह लड़का चला गया जिसने कहानी सुनाई थी।

(*iii*) उसने नाश्ता भी किया और लंच भी किया।

(*iv*) हम लोग तब वहाँ पहुँचे जब सब लोग जा चुके थे।

**विकल्प**

(क) केवल वाक्य (*i*) सही है।

(ख) वाक्य (*ii*) और (*iii*) सही हैं।

(ग) वाक्य (*i*), (*ii*) और (*iv*) सही हैं।

(घ) वाक्य (*ii*) और (*iv*) सही हैं।

**18.** कॉलम–1 को कॉलम–2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| **कॉलम–1** | **कॉलम–2** |
|---|---|
| 1. बच्चों ने होमवर्क किया और खेलने चले गए। | (*i*) सरल वाक्य |
| 2. यदि तुम नहीं आओगे तो मैं भी नहीं आऊँगा। | (*ii*) संयुक्त वाक्य |
| 3. उन लोगों को काम पूरा करना ही होगा। | (*iii*) मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1 – (*iii*), 2 – (*i*), 3 – (*ii*)
(ख) 1 – (*ii*), 2 – (*iii*), 3 – (*i*)
(ग) 1 – (*ii*), 2 – (*i*), 3 – (*iii*)
(घ) 1 – (*ii*), 2 – (*i*), 3 – (*iii*)

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–6

**निर्धारित समय : 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 16**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. **सरल वाक्य तथा जटिल वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।** 2

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

2. **सही ( ✓ ) अथवा ग़लत ( ✗ ) के निशान लगाइए।** ½ × 4 = 2

(क) सरल वाक्यों में एक ही क्रिया पदबंध होता है। ☐

(ख) संयुक्त वाक्यों में एक उपवाक्य प्रधान उपवाक्य होता है। ☐

(ग) क्रियाविशेषण उपवाक्य मिश्र वाक्यों में आते हैं। ☐

(घ) एक उद्देश्य तथा एक विधेय वाले वाक्य जटिल वाक्य कहलाते हैं। ☐

3. **रेखांकित उपवाक्यों के भेद लिखिए।** ½ × 6 = 3

(क) <u>अध्यापक ने कहा</u> था कि कल स्कूल बंद रहेगा।

........................................................................................................

(ख) वह मकान बिक गया <u>जिसे आप खरीदना चाहते थे</u>।

........................................................................................................

(ग) जब वे लोग पहुँचे <u>तब बहुत तेज़ बारिश हो रही थी</u>।

........................................................................................................

(घ) वह इसलिए घर गई थी <u>क्योंकि उसे खाना खाना था</u>।

..........................................................................................

(ङ) हम लोगों ने कल फ़िल्म भी देखी और होटल में खाना भी खाया।

..........................................................................................

(च) वह इस तरह चल रही थी जैसे कोई बीमार चलता हो।

..........................................................................................

4. **रचना की दृष्टि से निम्नलिखित वाक्यों के भेद लिखिए।** $1 \times 5 = 5$

(क) आप खाना खाकर जाइएगा।

..........................................................................................

(ख) जब बारिश होगी तब किसान अपने खेतों में हल चलाएँगे।

..........................................................................................

(ग) यहाँ बैठिए और अपना काम कीजिए।

..........................................................................................

(घ) किसी ज्योतिषी ने कहा है कि यह वर्ष उसके लिए खराब है।

..........................................................................................

(ङ) कल मैंने इतना खाया जितना कोई नहीं खा सकता।

..........................................................................................

5. **कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार वाक्य बदलिए।** $1 \times 4 = 4$

(क) मैंने पुराना मकान बेच दिया। (मिश्र वाक्य में)

..........................................................................................

(ख) त्रिपाठी और पांडे दोनों को सज़ा मिलेगी। (संयुक्त वाक्य में)

..........................................................................................

(ग) हमने बहुत समझाया पर वह नहीं मानी। (सरल वाक्य में)

..........................................................................................

(घ) मेरी राय मानो जिससे हर मुसीबत से बच सको। (संयुक्त वाक्य में)

..........................................................................................

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–7

**निर्धारित समय : 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 18**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर विकल्पों में से चुनिए।** **1 × 18 = 18**

1. 'वाच्य' शब्द का अर्थ है–

   (क) भाव (ख) विचार

   (ग) वाणी (घ) शब्द

2. जिन वाक्यों में वक्ता के द्वारा कर्ता के कार्य को महत्व या प्रधानता दी जाती है, उसे क्या कहा जाता है?

   (क) कर्तृवाच्य (ख) अकर्तृवाच्य

   (ग) कर्मवाच्य (घ) भाववाच्य

3. जिन वाक्यों में कर्ता के कार्य को निरस्त किया जाता है, उन्हें कहा जाता है–

   (क) कर्मवाच्य (ख) भाववाच्य

   (ग) अकर्तृवाच्य (घ) कर्तृवाच्य

4. 'बच्चों ने चित्र बनाए।' इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए।

   (क) बच्चों से चित्र बनाए गए।

   (ख) बच्चे चित्र बनाते हैं।

   (ग) बच्चों के द्वारा चित्र बनाए गए।

   (घ) बच्चों से चित्र बनवाए गए।

5. कर्तृवाच्य में प्रयोग हो सकते हैं–

   (क) कर्तरि (ख) कर्मणि

   (ग) भावे (घ) इनमें सभी

6. निम्नलिखित में भाववाच्य का वाक्य कौन-सा है?

   (क) राधा नहीं सो रही।

   (ख) राधा से सोया नहीं जाता।

   (ग) किसी ने मेरी किताब चुरा ली।

   (घ) किसी के द्वारा मेरी किताब चुरा ली गई।

7. निम्नलिखित में कर्मवाच्य का वाक्य कौन-सा है?

   (क) मंत्री ने भाषण दिया।

   (ख) मंत्री के द्वारा भाषण दिया गया।

   (ग) माँ चल नहीं पाती।

(घ) माँ से चला नहीं जाता।

8. 'मुझसे सोया नहीं जाता।' वाच्य है–

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) अकर्तृवाच्य

9. 'पिता जी समाचार-पत्र पढ़ रहे हैं।' वाच्य है–

(क) कर्तृवाच्य (ख) अकर्तृवाच्य

(ग) कर्मवाच्य (घ) भाववाच्य

10. 'चलिए, अब चला जाए।' वाच्य है–

(क) कर्मवाच्य (ख) कर्तृवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) इनमें से कोई नहीं

11. कर्तृवाच्य को अकर्तृवाच्य में बदलने के लिए निम्नलिखित परसर्ग लगाए जाते हैं?

(क) के द्वारा (ख) द्वारा

(ग) से (घ) इनमें सभी

12. अकर्तृवाच्य के वाक्यों में प्रायः लोप कर दिया जाता है–

(क) कर्ता का (ख) कर्म का

(ग) क्रिया का (घ) विशेषण का

13. व्युत्पन्न अकर्मक क्रिया का प्रयोग होता है–

(क) कर्तृवाच्य के वाक्यों में (ख) अकर्तृवाच्य के वाक्यों में

(ग) 'क' एवं 'ख' दोनों में (घ) इनमें किसी में नहीं

14. अकर्तृवाच्य के वे वाक्य जिनमें सकर्मक क्रिया होती है, कहलाते हैं–

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) इनमें सभी

15. अकर्तृवाच्य के वे वाक्य जिनमें अकर्मक क्रिया होती है, कहलाते हैं–

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) इनमें सभी

16. 'माँ के द्वारा आज खीर बनाई गई।' वाच्य है–

(क) कर्मवाच्य

(ख) कर्तृवाच्य

(ग) भाववाच्य

(घ) अकर्तृवाच्य

17. कॉलम-1 को कॉलम-2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| कॉलम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| 1. अध्यापक द्वारा पाठ नहीं पढ़ाया गया। | (*i*) कर्तृवाच्य |
| 2. सब लोग खाना खा चुके हैं। | (*ii*) कर्मवाच्य |
| 3. मुझसे रात में सोया नहीं गया। | (*iii*) भाववाच्य |

**विकल्प**

(क) 1 – (*iii*), 2 – (*i*), 3 – (*ii*)

(ख) 1 – (*ii*), 2 – (*iii*), 3 – (*i*)

(ग) 1 – (*ii*), 2 – (*i*), 3 – (*iii*)

(घ) 1 – (*iii*), 2 – (*ii*), 3 – (*i*)

18. निम्नलिखित वाक्यों में कर्मवाच्य के वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प चुनिए–

(*i*) नौकर द्वारा खाना नहीं बनाया गया।

(*ii*) बच्चा रोता हुआ मेरे पास आया।

(*iii*) पेड़ नहीं काटे गए।

(*iv*) पैर में दर्द होने के कारण मुझसे चला नहीं गया।

**विकल्प**

(क) वाक्य (*i*), (*iii*) और (*iv*) सही हैं।

(ख) वाक्य (*ii*) और (*iii*) सही हैं।

(ग) वाक्य (*i*) और (*iii*) सही हैं।

(घ) वाक्य (*ii*) और (*iv*) सही हैं।

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–8

**निर्धारित समय : 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 16**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1 × 16 = 16**

1. **सही ( ✓ ) अथवा ग़लत ( ✗ ) के निशान लगाइए।** **½ × 4 = 2**

(क) अकर्तृवाच्य में कर्ता के कार्य को निरस्त नहीं किया जाता है। ☐

(ख) कर्मवाच्य में कर्तरि, कर्मणि तथा भावे तीनों प्रयोग भी हो सकते हैं। ☐

(ग) भाववाच्य के वाक्यों में सकर्मक क्रिया भी आ सकती है। ☐

(घ) अकर्तृवाच्य के दो भेद हैं—कर्मवाच्य तथा भाववाच्य। ☐

2. **निम्नलिखित वाक्य किस वाच्य के हैं?** **½ × 4 = 2**

(क) बच्चों ने खाना खा लिया है। ....................................

(ख) मुझसे कुरसी पर नहीं बैठा जाता। ....................................

(ग) नौकर द्वारा कपड़े नहीं धोये गए। ....................................

(घ) शायद आज बारिश आ जाए। ....................................

3. **प्रत्येक भेद के दो-दो उदाहरण दीजिए।** 1 × 3 = 3

(क) कर्तृवाच्य

..........................................................................................

..........................................................................................

(ख) कर्मवाच्य

..........................................................................................

..........................................................................................

(ग) भाववाच्य

..........................................................................................

..........................................................................................

4. **निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य के वाक्यों में बदलिए।** **½ × 6 = 3**

(क) वह शादी नहीं करेगा।

..........................................................................................

(ख) वह कभी झूठ नहीं बोलती।

..........................................................................................

(ग) आपने जो कविताएँ लिखी हैं वे सब बहुत सुंदर हैं।

..........................................................................................

(घ) नाश्ते के बाद वह नहीं चल सकता।

..........................................................................................

(ङ) मैंने आपका काम कर दिया है।

..........................................................................................

(च) मैं उससे बात तक न कर सका।

..........................................................................................

5. **निम्नलिखित वाक्यों को भाववाच्य के वाक्यों में बदलिए।** **$\frac{1}{2} \times 6 = 3$**

(क) कुत्ते आज नहीं भौंक रहे।

..........................................................................................

(ख) वे लोग आज नहीं नहा रहे।

..........................................................................................

(ग) घोड़ा जोर से हिनहिनाया।

..........................................................................................

(घ) आप लोग क्यों हँस रहे हैं?

..........................................................................................

(ङ) हम लोग सारी रात न सो सके।

..........................................................................................

(च) आप झूठ न बोलें तो अच्छा है।

..........................................................................................

6. **निम्नलिखित अकर्तृवाच्य के वाक्यों को कर्तृवाच्य के वाक्यों में बदलिए।**

$\frac{1}{2} \times 6 = 3$

(क) माँ से काम नहीं हुआ।

..........................................................................................

(ख) रोगी से दवाई नहीं पी गई।

..........................................................................................

(ग) बच्चे से एक जगह नहीं बैठा जाता।

..........................................................................................

(घ) प्रधानमंत्री द्वारा भाषण दिया गया।

.................................................................................................

(ङ) लड़कियों द्वारा गीत गाए गए।

.................................................................................................

(च) आपसे कहानी क्यों नहीं सुनाई गई।

.................................................................................................

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–9

**निर्धारित समय : 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 18**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर विकल्पों में से चुनिए।** **1 × 18 = 18**

1. वाक्य में प्रयुक्त शब्द कहलाते हैं–
   (क) वाक्य (ख) भाषा
   (ग) पद (घ) पदक्रम
2. 'शब्द' जिस वर्ग का सदस्य होता है–
   (क) 'पद' भी उसी वर्ग का सदस्य होता है।
   (ख) 'पद' उस वर्ग का सदस्य नहीं होता।
   (ग) 'वाक्य' भी उसी वर्ग का सदस्य होता है।
   (घ) 'वाक्य' उस वर्ग का सदस्य नहीं होता।
3. जब 'संज्ञा' अथवा 'नाम' विशेषता बताने का प्रकार्य करते हैं, तो उन्हें कहा जाता है–
   (क) सार्वनामिक विशेषण (ख) गुणवाचक विशेषण
   (ग) नामिक विशेषण (घ) संख्यावाचक विशेषण
4. 'क्रिया' जब 'संज्ञा पद' का कार्य करे, तो ऐसी संज्ञा को क्या कहा जाता है?
   (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) जातिवाचक संज्ञा
   (ग) भाववाचक संज्ञा (घ) क्रियार्थक संज्ञा
5. '<u>आशा</u> ने अपने भाई को राखी बाँधी।' रेखांकित का पद-परिचय है–
   (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक।
   (ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।
   (ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्ता कारक।

(घ) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

6. 'पिता जी ने हॉकर से समाचार-पत्र खरीदा।' रेखांकित का पद-परिचय है–

(क) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

(ख) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक।

(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक।

7. 'आपने मुझे क्यों बुलाया था?' रेखांकित का पद-परिचय है–

(क) पुरुषवाचक, उत्तम पुरुष, एकवचन, कर्ता कारक।

(ख) पुरुषवाचक, अन्य पुरुष, एकवचन, कर्ता कारक।

(ग) पुरुषवाचक, मध्यम पुरुष, एकवचन, कर्ता कारक।

(घ) पुरुषवाचक, मध्यम पुरुष, एकवचन, कर्म कारक।

8. 'आप स्वयं यह काम कर सकते हैं।' रेखांकित का पद-परिचय है–

(क) निजवाचक सर्वनाम, बहुवचन, कर्ता कारक।

(ख) निजवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक।

(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक।

(घ) पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन, कर्ता कारक।

9. 'छोटी बच्ची ने इतनी सुंदर कविता पढ़ी।' रेखांकित का पद-परिचय है–

(क) गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन।

(ख) परिमाणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन।

(ग) गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन।

(घ) संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन।

10. 'कल आपका भाई मेरे घर आया था।' रेखांकित का पद-परिचय है–

(क) व्यक्तिवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, 'भाई' की विशेषता बताने का प्रकार्य।

(ख) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, 'भाई' विशेषण की विशेषता बताने का प्रकार्य।

(ग) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

11. 'बच्चों के द्वारा चित्र बनाया गया।' रेखांकित का पद-परिचय है–

(क) संयुक्त (सकर्मक क्रिया), भूतकाल, कर्मवाच्य, कर्मणि प्रयोग।

(ख) संयुक्त (अकर्मक क्रिया), भूतकाल, कर्मवाच्य, कर्मणि प्रयोग।

(ग) मिश्र क्रिया, भूतकाल, कर्मवाच्य, कर्मणि प्रयोग।

(घ) व्युत्पन्न अकर्मक क्रिया, भूतकाल, कर्मवाच्य।

12. 'पिता जी से नहीं चला गया।' रेखांकित का पद-परिचय है—

(क) व्युत्पन्न अकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य।

(ख) संयुक्त (सकर्मक क्रिया), सामान्य भूतकाल, भाववाच्य, भावे प्रयोग।

(ग) संयुक्त क्रिया, भूतकाल, भाववाच्य, भावे प्रयोग।

(घ) संयुक्त (अकर्मक क्रिया), सामान्य भूतकाल, भाववाच्य, भावे प्रयोग।

13. 'मैं जल्दी से घर पहुँचा।' रेखांकित का पद-परिचय है—

(क) मूल क्रियाविशेषण, रीतिवाचक, 'पहुँचना' क्रिया की विशेषता बताने का प्रकार्य।

(ख) प्रकार्यात्मक क्रियाविशेषण, कालवाची, 'पहुँचना' क्रिया की विशेषता बताने का प्रकार्य।

(ग) मूल क्रियाविशेषण, कालवाचक, 'पहुँचना' क्रिया की विशेषता बताने का प्रकार्य।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

14. 'मेरे' घर के पास एक विद्यालय है।' रेखांकित का पद-परिचय है—

(क) समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, 'घर' और 'विद्यालय' के बीच संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।

(ख) व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, 'घर' और 'विद्यालय' संज्ञाओं के बीच संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।

(ग) संबंधबोधक अव्यय, दो सर्वनामों के बीच संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।

(घ) संबंधबोधक अव्यय, 'घर' तथा 'विद्यालय' संज्ञाओं के बीच संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।

15. 'वाह! भारतीय टीम जीत गई।' रेखांकित का पद-परिचय है—

(क) विस्यादिबोधक अव्यय, आश्चर्य प्रकट करने का भाव।

(ख) विस्मयादिबोधक अव्यय, हर्ष प्रकट करने का भाव।

(ग) विस्मयादिबोधक अव्यय, संबोधन प्रकट करने का भाव।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

16. जो अव्यय शब्द किसी पद या पदबंध के बाद लगकर उसके अर्थ में विशेष प्रकार का बल ला देते हैं, कहलाते हैं–

(क) निपात

(ख) पक्ष

(ग) समुच्चयबोधक पक्ष

(घ) विस्मयादिबोधक पक्ष

**17.** 'कमरे में कोई आदमी बैठा है।'–'कमरे में कोई बैठा है।'

दोनों वाक्यों के 'कोई' का सामान्य पद-परिचय होगा–

(क) पहला 'कोई' सार्वनामिक विशेषण दूसरा 'कोई' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

(ख) पहला 'कोई' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण दूसरा 'कोई' सार्वनामिक विशेषण

(ग) पहला 'कोई' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण दूसरा 'कोई' अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(घ) पहला 'कोई' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण दूसरा 'कोई' निश्चयवाचक सर्वनाम

**18.** 'जो व्यक्ति यहाँ रुकना चाहे, रुक सकता है।'–'जो यहाँ रुकना चाहे, रुक सकता है।'

दोनों वाक्यों के 'जो' का सामान्य पद-परिचय होगा–

(क) पहला 'जो' निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण दूसरा 'जो' निश्चयवाचक सर्वनाम

(ख) पहला 'जो' संकेतवाची सर्वनाम दूसरा 'जो' संकेतवाची सार्वनामिक विशेषण

(ग) पहला 'जो' निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण और दूसरा 'जो' निश्चयवाचक सर्वनाम

(घ) पहला 'जो' संबंधवाची सार्वनामिक विशेषण तथा दूसरा 'जो' संबंध वाची सर्वनाम

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–10

**निर्धारित समय : 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 16**

**रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए।** **1 × 16 = 16**

1. वह पत्नी के लिए साड़ी लाया।
............................................................

2. आज की खबर है कि सोना सस्ता हो गया।
............................................................

3. आप उसे यहाँ बुलाइए।
............................................................

4. पिता जी मोना को कुछ देना चाहते हैं।
............................................................

5. मैं अपने-आप चला जाऊँगा।
............................................................

6. मेरा बड़ा बेटा लंदन जा रहा है।
............................................................

7. आपकी दुकान कहाँ पर है?
............................................................

8. चलती गाड़ी से मत उतरना।
............................................................

9. उस बेचारी की बात को क्यों झुठला रहे हो।
............................................................

10. अब वह चल-फिर सकती है।
............................................................

11. बच्चा मेरे पास दौड़कर आया।
............................................................

12. हम लोग पैदल जाएँगे।
............................................................

13. अर्णव <u>का</u> भाई बीमार है।

..........................................................................................

14. आप चलिए <u>या</u> अपने भाई को भेज दीजिए।

..........................................................................................

15. <u>छि:!</u> इतनी बदबू में मैं नहीं रुक सकता।

..........................................................................................

16. उसे नौकरी <u>तो</u> चाहिए ही।

..........................................................................................

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–11

**( नए पाठ्यक्रमानुसार )**

## अलंकार

**निर्धारित समय: 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 18**

**1. निम्नलिखित पंक्तियों में निहित उपयुक्त अलंकारों का चयन कीजिए।** **1 × 5 = 5**

**1. जो रहीम गति दीप की कुल कपूत गति सोय।**
**बारे उजियारो करे, बढ़े अँधेरो होय।**

(क) श्लेष अलंकार

(ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ग) अतिशयोक्ति अलंकार

(घ) मानवीकरण अलंकार

**2. माली आवत देखि कलियन करे पुकार।**
**फूले फूले चुन लियो कलि हमारी बार।।**

(क) श्लेष अलंकार

(ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ग) अतिशयोक्ति अलंकार

(घ) मानवीकरण अलंकार

**3. ले चला साथ मैं तुझे कनक।**
**ज्यों भिक्षुक लेकर स्वर्ण।।**

(क) श्लेष अलंकार

(ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ग) अतिशयोक्ति अलंकार

(घ) मानवीकरण अलंकार

**4. 'उषा सुनहरी तीर बरसाती, जय लक्ष्मी-सी उदित हुई।'**

(क) श्लेष अलंकार

(ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ग) अतिशयोक्ति अलंकार

(घ) मानवीकरण अलंकार

**5. रो-रोकर सिसक-सिसककर, कहता करुण कहानी।**
**तुम सुमन नोचते, सुनते, करते जानी अनजानी।**

(क) श्लेष अलंकार

(ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ग) अतिशयोक्ति अलंकार

(घ) मानवीकरण अलंकार

**2. निम्नलिखित अलंकारों से संबंधित उदाहरणों का चयन कीजिए।**

**1 × 5 = 5**

**1. श्लेष अलंकार**

(क) मधुबन की छाती को देखो, सूखी कितनी इसकी कलियाँ

(ख) नील गगन-सा शांत हृदय सा हो रहा।

(ग) कोटि कुलिस सम वचन तुम्हारा

(घ) इनमें से कोई नहीं।

**2. उत्प्रेक्षा अलंकार**

(क) पुलक प्रकट करती है धरती, हरित तृणों की नोकों से।
मानो झूम रहे हैं तरु, भी, मंद पवन के झोंकों से।।

(ख) सुबरन को ढूँढ़त फिरत कवि व्यभिचारी चोर।

(ग) सिंधु-सेज पर धरा-वधू अब, तनिक संकुचित बैठी-सी।

(घ) यह विडंबना! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं।

3. **अतिशयोक्ति अलंकार**

(क) सूरदास अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यों पागी।

(ख) सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यों करुई ककरी।

(ग) छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े
शेफालिका के फूल बाँस था कि बबूल।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

4. **मानवीकरण अलंकार**

(क) कहीं साँस लेते हो, घर-घर भर देते हो।

(ख) तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान, मृतक से भी डाल देगी जान।

(ग) बहुत काली सिल, करा-ऐ लाल केसर-से कि जैसे धुल गई हो।

(घ) जहाँ सुमति तहाँ संपति नाना।
जहाँ कुमति तहाँ विपत्ति निधाना।।

5. **अतिशयोक्ति अलंकार**

(क) पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के।
मेघ आए बड़े बन-ठन सँवर के।।

(ख) बहुत काली सिल
जरा से लाल केसर-से कि जैसे धुल गई हो

(ग) देख लो साकेत नगरी है यही।
स्वर्ग से मिलने गगन में जा रही।।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

3. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।** **1 × 8 = 8**

1. **'श्लेष' का शाब्दिक अर्थ होता है–**

(क) चिपकना

(ख) हटाना

(ग) रोकना

(घ) अलगाव

2. **''दे रहा हो कोकिला सानंद, सुमन को ज्यों मधुमय संदेश''– इनमें से किस शब्द में श्लेष अलंकार है।**

(क) 'कोकिला' शब्द में

(ख) 'सुमन' शब्द में

(ग) 'मधुमय' शब्द में

(घ) 'ख' और 'ग' दोनों

3. **अलंकार-शास्त्र में प्रस्तुत को कहते हैं–**

(क) उपमान

(ख) वाचक

(ग) उपमेय (घ) अप्रस्तुत

4. **जिस काव्य में संभावना व्यक्त की जाती है वहाँ होता है–**

(क) श्लेष अलंकार (ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ग) मानवीकरण अलंकार (ख) अतिशयोक्ति अलंकार

5. **'पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के'–इसमें अलंकार है–**

(क) श्लेष अलंकार (ख) मानवीकरण अलंकार

(ग) अतिशयोक्ति अलंकार (घ) उत्प्रेक्षा अलंकार

6. **किसका वर्णन बढ़ा-चढ़ाकर करने पर अतिशयोक्ति अलंकार होता है?**

(क) प्रस्तुत का वर्णन (ख) अप्रस्तुत का वर्णन

(ग) उपमेय का वर्णन (घ) 'क' और 'ग' दोनों

7. **'मुख बाल रवि सम लाल होकर ज्वाल-सा बोधित हुआ' में उपमान है–**

(क) मुख (ख) बाल रवि

(ग) लाल (ख) बोधित

8. **'सिंधु-सेज पर धरा वधु अब, तनिक संकुचित बैठी-सी'– इसमें कौन-सा अलंकार है?**

(क) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ख) अतिशयोक्ति अलंकार

(ग) मानवीकरण अलंकार

(ख) इनमें से कोई नहीं

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–12

**( नए पाठ्यक्रमानुसार )**

## अलंकार

**निर्धारित समयः 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 16**

**1. अंतर स्पष्ट कीजिए–** **2 × 2 = 4**

**( क ) शब्दालंकार तथा अर्थालंकार**

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

**( ख ) उत्प्रेक्षा तथा मानवीकरण**

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

**2. अर्थालंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।** **2**

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

**3. प्रत्येक अलंकार के एक-एक उदाहरण लिखिए–** **2**

- **श्लेष** ..............................................................
- **उत्प्रेक्षा** ..............................................................
- **अतिशयोक्ति** ..............................................................
- **मानवीकरण** ..............................................................

**4. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन-से अलंकार हैं? लिखिए।** 1 × 8 = 8

(क) मधुबन की छाती को देखो, सूखी इसकी कितनी कलियाँ।

..............................................................................

(ख) कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए।
हिमकणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।।

..............................................................................

(ग) तुम भूल गए क्या मातृ प्रकृति को
तुम जिसके आँगन में खेले-कूदे।
जिसके आँचल में सोए-जागे।

..............................................................................

(घ) सीधी चलते राह जो, रहते सदा निशंक।
जो करते विप्लव उन्हें 'हरि' का है आतंक।

..............................................................................

(ङ) ले चला साथ मैं तुझे कनक।
ज्यों भिक्षुक लेकर स्वर्ण।।

..............................................................................

(च) धनुष उठाया ज्यों ही उसने और चढ़ाया बाण।
धरा-सिंधु नभ काँपे सहसा, विकल हुए जीवों के प्राण।।

..............................................................................

(छ) फूल हँसे कलियाँ मुसकाई।

..............................................................................

(ज) उषा सुनहरे तीर बरसाती, जय लक्ष्मी-सी उदित हुई।

..............................................................................

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–13

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 12**

**1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए** **6**

(क) **बाल मज़दूरी : एक अभिशाप**

**संकेत-बिंदु :** • भारतीय समाज में बाल मज़दूरी के कारण • बाल मज़दूरी के दुष्परिणाम • बाल मज़दूरी को समाप्त करने के उपाय।

(ख) **ई-कचरा**

**संकेत-बिंदु :** • ई-कचरा क्या है? • दुष्परिणाम • उपाय

(ग) **शिक्षा का व्यवसायीकरण**

**संकेत-बिंदु :** • तात्पर्य • हानियाँ • रोकथाम के उपाय

**2. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **6**

(क) **इंटरनेट**

**संकेत-बिंदु :** • जीवन में इंटरनेट की भूमिका • शैक्षणिक लाभ • विकास में योगदान

(ख) **शिक्षक दिवस**

**संकेत-बिंदु :** • शिक्षक दिवस का महत्व • अपनी भूमिका • प्रभाव और परिणाम

(ग) **सच्चा मित्र**

**संकेत-बिंदु :** • सच्चा मित्र दुर्लभ • पहचान • साकारात्मक परिणाम

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–14

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 12**

1. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए** **6**

(क) **प्रधानमंत्री जन-धन योजना**

**संकेत-बिंदु :** • प्रारंभ करने की जरूरत क्यों? • किस प्रकार शुभारंभ हुआ • परिणाम

(ख) **नैतिक मूल्यों का पतन**

**संकेत-बिंदु :** • नैतिक मूल्यों से तात्पर्य • भारत में नैतिकता के ह्रास के कारण एवं परिणाम • युवा पीढ़ी पर उत्तरदायित्व

(ग) **एक भारत, श्रेष्ठ भारत**

**संकेत-बिंदु :** • विविधता में एकता • विश्वपटल पर उभरता भारत • श्रेष्ठ भारत बनने से लाभ

2. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **5**

(क) **कैशलेस इंडिया–सुदृढ़ अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते कदम**

**संकेत-बिंदु :** • कैशलेस इंडिया प्रारंभ करने का उद्देश्य • लाभ • अर्थव्यवस्था के लिए किस प्रकार लाभकारी

(ख) **महानगरों में आवास की समस्या**

**संकेत-बिंदु :** • महानगरीय जीवन • आवास की समस्या के कारण • समाधान

(ग) **हिंसक विरोध प्रदर्शन**

**संकेत-बिंदु :** • विरोध के प्रकार • हिंसक विरोध से होने वाली वाली हानियाँ • उपसंहार

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–15

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित विषयों पर पत्र लिखिए।** **5 × 2 = 10**

**1.** आपके मित्र के बड़े भाई को अच्छी नौकरी मिली है। इस उपलक्ष्य में अपने मित्र को बधाई देते हुए एक पत्र लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

बड़े भाई के विवाह का निमंत्रण देते हुए अपने मित्र को एक पत्र लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए।

**2.** विद्यालय की प्रयोगशाला को अत्याधुनिक बनाने की आवश्यकता समझाते हुए प्रधानाचार्य को एक पत्र लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

गृह–कर जमा करने के बाद भी नोटिस मिलने की शिकायत करते हुए नगर–निगम के राजस्व अधिकारी को एक पत्र 80–100 शब्दों में लिखिए।

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–16

**निर्धारित समय : 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित विषयों पर पत्र लिखिए।** **5 × 2 = 10**

**1.** आपके नगर में भारत–ऑस्ट्रेलिया का क्रिकेट मैच होने वाला है। मैच देखने आने के लिए दूसरे शहर में रहने वाले अपने मित्र को एक पत्र लगभग 100 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

प्रातः कालीन सैर के लाभों का वर्णन करते हुए अपनी छोटी बहन को एक पत्र लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

**2.** रक्त–दान शिविर की आवश्यकता बताते हुए विद्यालय में रक्तदान शिविर लगाए जाने का अनुरोध करते हुए प्रधानाचार्य को एक पत्र 100 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

बिजली संकट और उससे उत्पन्न कठिनाइयों का वर्णन करते हुए 'दैनिक हिंदुस्तान' के संपादक को एक पत्र 100 शब्दों में लिखिए।

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–17

**निर्धारित समय : 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित विषयों पर लगभग 80 शब्दों में स्ववृत्त तैयार कीजिए।** **5 × 2 = 10**

1. **आरोग्य सेवा सदन अस्पताल में डेटा प्रविष्टि हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर्स प्रबंधन का पद रिक्त है। विज्ञापन के अनुसार अपनी योग्यता का विवरण प्रस्तुत करते हुए एक स्ववृत्त तैयार कीजिए।** 5
2. **'दर्पण टूडे' को देश के अलग-अलग जनपद मुख्यालयों के लिए चीफ व्यूरो की आवश्यकता है। विज्ञापन के अनुसार अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव का विवरण देते हुए अपना स्ववृत्त तैयार कीजिए।** 5

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–18

**निर्धारित समय : 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित रिक्तियों के लिए लगभग 80 शब्दों में स्ववृत्त तैयार कीजिए।**

**5 × 2 = 10**

1. **शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार की ओर से पी०जी०टी० (विज्ञान) के पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। अपनी शैक्षिक योग्यताओं, उपलब्धियों एवं कार्य अनुभवों का विवरण देते हुए स्ववृत्त तैयार कीजिए।** 5
2. **'तेजस' नामक समाचार चैनल को एक कुशल एंकर की आवश्यकता है। इसके लिए अपनी योग्यताओं और कार्यानुभव का विवरण देते हुए स्ववृत्त तैयार कीजिए।** 5

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–19

**निर्धारित समय : 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित विषयों पर लगभग 80 शब्दों में औपचारिक ई-मेल लिखिए।**

**5 × 2 = 10**

1. **परीक्षा के दिनों में अनियमित विद्युत-आपूर्ति की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए राज्य विद्युत आपूर्ति निगम के प्रबंधक को ई-मेल लिखिए।** 5

2. लाउडस्पीकरों से उत्पन्न ध्वनि-प्रदूषण की रोकथाम के लिए अपने क्षेत्र के थानाध्यक्ष को एक ई-मेल लिखिए। 5

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–20

**निर्धारित समय : 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित विषयों पर लगभग 80 शब्दों में औपचारिक ई-मेल लिखिए।**

**5×2=10**

1. **अपने परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति की चर्चा करते हुए छात्रवृत्ति हेतु अपने प्रधानाचार्य को ई-मेल लिखिए।** 5
2. **दूरदर्शन के कार्यक्रमों में दिन-पर-दिन आती गिरावटों की तरफ ध्यान आकृष्ट करते हुए महानिदेशक को ई-मेल लिखिए।** 5

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–21

**निर्धारित समय : 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित विषयों पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**5 × 2 = 10**

1. 'पल्स पोलियो' अभियान हेतु विज्ञापन। 5
2. 'बचपन' एन०जी०ओ० के विभिन्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित करते हुए विज्ञापन। 5

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–22

**निर्धारित समय : 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित विषयों पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**5 × 2 = 10**

1. सामाजिक जागरूकता पर आधारित विज्ञापन 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'। 5
2. गुमशुदा छात्र की तलाश के लिए विज्ञापन। 5

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–23

**निर्धारित समय : 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 8**

**निम्नलिखित विषयों पर लगभग 60 शब्दों में एक संदेश लिखिए।** **4×2=8**

1. अपने रिश्तेदार को कोरोना से सतर्क करते हुए एक संदेश लिखिए। 4
2. अपने दोस्त राबर्ट को आने वाले क्रिसमस हेतु शुभकामना संदेश लिखिए। 4

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–24

**निर्धारित समय : 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 8**

**निम्नलिखित विषयों पर लगभग 30–40 शब्दों में एक संदेश लिखिए। 4×2=8**

1. चित्रा ने अपनी सहेली सुलेखा को फ़ोन किया पर वह घर पर नहीं थी। उसकी बड़ी बहन ने फ़ोन उठाया। चित्रा ने बताया कि ट्यूशन पढ़ाने वाले सर बीमार हो गए हैं। अतः चार–पाँच दिन ट्यूशन–कक्षाएँ नहीं होंगी। चित्रा द्वारा दी गई सूचना को सुलेखा तक पहुँचाने के लिए उचित प्रारूप के अंतर्गत लगभग 30–40 शब्दों में एक संदेश तैयार कीजिए। 5
2. आपका साथी विवेक अपना लंच–बॉक्स अपनी सीट पर भूल गया था। आपने उसे उठा लिया और तय किया कि आप शाम को विवेक के घर जाकर उसे यह लंच–बॉक्स दे देंगे। आप शाम को उसके घर जाते हैं। दरवाज़ा सुनील की बड़ी बहन खोलती हैं और बताती हैं कि विवेक तो घर पर नहीं है। आप लंच–बॉक्स को दीदी को दे देते हैं और विवेक के लिए एक संदेश लिखकर दे देते हैं जिसमें आप बताते हैं कि लंच–बॉक्स आपको कहाँ और कैसे मिला। विवेक के लिए उचित प्रारूप के अंतर्गत लगभग 30–40 शब्दों में एक संदेश तैयार कीजिए। 5